भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : 155

गुरुवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पठानकोट विमानपत्तन से विमान सेवाएं

***155. श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत पठानकोट विमानपत्तन पर शुरू की गई एअर इंडिया की उड़ानों को बंद कर दिया है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) इसके कब तक पुन: आरंभ होने की संभावना है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) और (ख) : विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"पठानकोट विमानपत्तन से विमान सेवाएं" के संबंध में लोक सभा के दिनांक 01.08.2024 के मौखिक प्रश्न संख्या 155 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) और (ख) एलाइंस एअर ने क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) - उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) के अंतर्गत दिनांक 05.04.2018 को दिल्ली-पठानकोट-दिल्ली मार्ग शुरू किया। तथापि, एयरलाइन ने व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) के तीन वर्ष के कार्यकाल के पूर्ण होने के पश्चात परिचालन बंद कर दिया। पठानकोट 'उड़ान योजना' के अंतर्गत बोली लगाने के लिए असेवित हवाईअड्डों की सूची में उपलब्ध है। तथापि, उड़ान योजना के अगले दौरों में पठानकोट को जोड़ने वाले मार्गों के लिए कोई वैध बोलियां प्राप्त नहीं हुई हैं।

मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरस्त होने के साथ, भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को पूर्ण रूप से विनियमनमुक्त कर दिया गया। एयरलाइनें क्षमता बढ़ाने के लिए अपने बेड़े में किसी भी प्रकार के विमान को शामिल कर सकती हैं और बाजार की मांग, परिचालन और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर सेवा प्रदान करने के लिए किसी भी बाजार और नेटवर्क का चयन कर सकती हैं।

****